कान्हा जी को लाड लडावे यशोदा मैया

कान्हा जी को लाड लडावे यशोदा मैया,
यशोदा मैया रोशनी मैया,
कान्हा जी को लाड लडावे यशोदा मैया...

जब कान्हा गोकुल में आए,
हीरा मोती लुटावे यशोदा मैया,
कान्हा जी को लाड लडावे यशोदा मैया...

जब कान्हा की छठी पुजी,
पीला पितांबर पहनावे यशोदा मैया,
कान्हा जी को लाड लडावे यशोदा मैया...

अपने लाल को पलना झुलावे,
कभी-कभी लोरी सुनावे यशोदा मैया,
कान्हा जी को लाड लडावे यशोदा मैया...

जब कान्हा ने बोलना सीखा,
राधे-राधे रडावे यशोदा मैया,
कान्हा जी को लाड लडावे यशोदा मैया...

जब कान्हा ने चलना सीखा,
बजनी पैजनिया पहनावे यशोदा मैया,
कान्हा जी को लाड लडावे यशोदा मैया...

जब कान्हा ने खाना सीखा,
माखन मिश्री खिलावे यशोदा मैया,
कान्हा जी को लाड लडावे यशोदा मैया...

जब कान्हा ने खेलना सीखा,
गेंद और बल्ला दिलावे यशोदा मैया,
कान्हा जी को लाड लडावे यशोदा मैया...

जब कान्हा मेरो भयो ये सयानों,
राधा से मिलन करावे यशोदा मैया,
कान्हा जी को लाड लडावे यशोदा मैया...

जब कान्हा मेरा गलियन घूमे,
माखन चोर बतावे सारी सखियां,
कान्हा जी को लाड लडावे यशोदा मैया...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28597/title/kanha-ji-ko-laad-ladave-yashoda-mayia

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |